कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधाना./स्था./2019 दिनांक 05.09.2019 द्वारा श्रीमती रेणु गहलोत, प्रधानाचार्य समकक्ष, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान (IASE), अजमेर का स्थानान्तरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कजलिया जिला बांसवाड़ा किया गया था जिसके विरूद्ध श्रीमती रेणु गहलोत द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 3280/2019 रेणु गहलोत बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 3280/2019 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 26.11.2019 द्वारा अपीलार्थी को अपनी व्यक्तिगत कठिनाईयों के सम्बन्ध में प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी अपील में वर्णित आधारों पर एक अभ्यावदेन पेश करने और प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा उपयुर्क्त आशय का अभ्यावदेन प्राप्त होने पर उसे विधि अनुसार एक सकारण अख्यात्मक आदेश प्रसारित कर निस्तारित करने और ऐसे निस्तारण की सम्यक सूचना अपीलार्थी को प्रदान किये जाने सम्बन्धी आदेश प्रदान किये गए।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में स्वयं के विशेष श्रेणी महिला (विधवा) होने एवं अपनी विकट पारिवारिक परिस्थितियों एवं व्यक्तिगत कठिनाईयों को मद्देनजर रखते हुए अपना पदस्थापन अजमेर जिले में प्रधानाचार्य राउमावि अथवा समकक्ष के किसी रिक्त पद पर किये जाने की मांग की गई।

अपीलार्थी के अभ्यावेदन का माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय तथा राज्य सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया एवं उनकी मांग पर विचार किया गया। राज्य सरकार के दिशा–निर्देश दिनांक 24.09.2019 के अनुसरण में अपीलार्थी, श्रीमती रेणु गहलोत के विशेष श्रेणी (विधवा) होने, उनकी विकट पारिवारिक परिस्थितियों एवं व्यक्तिगत कठिनाईयों को मद्देनजर रखते हुए उनका समायोजन/पदस्थापन राउमावि, नारेली, मांडल जिला भीलवाडा में प्रधानाचार्य के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। श्रीमती रेणु गहलोत को निर्देशित किया जाता है कि वे तत्काल अपने नवीन समायोजन स्थान पर कार्यग्रहण कर कार्यमुक्ति/कार्यग्रहण से संबंधित समस्त सूचनाओं का इन्द्राज शाला दर्पण पोर्टल पर किया जाना सुनिश्चित करें।

16/01

(हिमांशु गुप्ता)
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक: शिविरा–मा./संस्था/बी–2/अपील/रेणु गहलोत/3280/2019 दिनांक 16.01.2020

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, अजमेर/उदयपुर संभाग, अजमेर/उदयपुर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, अजमेर/भीलवाडा/बांसवाडा।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक, अजमेर/भीलवाडा/बांसवाडा।
6. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
7. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
8. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
9. श्रीमती रेणु गहलोत, प्रधानाचार्य आदेश की पालनार्थ।

11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्तनिदेशक(कार्मिक)

Scanned by CamScanner